# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर : वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी कल तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में मंत्रिमंडल की बैठक को किया संबोधित : कहा– जनता के साथ संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता की नीति अपनाएं।
3. मुख्यमंत्री ने एक जुलाई से लागू हो रही नवीन आपराधिक न्याय प्रणाली को लेकर तैयारियों की समीक्षा की : कहा– दंड की जगह न्याय पर आधारित हैं तीनों नए कानून।

और

4. प्रदेश के 51 जिलों में 470 परीक्षा केंद्रों पर कल आयोजित होगी राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा : सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम।

---

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर–शोर से जारी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन प्रांगण में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।

श्री मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया था कि श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी।

*हम भारतवासी खुशनसीब हैं कि कितने बड़े संकटों के बावजूद भी हम आज विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली इकोनॉमी के रूप में जाने गए हैं। ग्रोथ के विषय में भी दुनिया में हमारी वाह–वाही हो रही है। अब एक स्टेबल गर्वनमेंट मिलने कारण और परिचित व्यवस्था नेतृत्व मिलने के कारण दुनिया का भारत के प्रति रुझान आना बहुत तेज गति से होने वाला है और मुझे*

*विश्वास है कि देश के सभी राज्यों को इसका लाभ मिलेगा देश की युवा पीढी को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।*

श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

————————

वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पडोसी राज्यों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में भाग लेने के लिए कई नेता दिल्ली पहुंचने लगे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे। ये नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कल शाम आयोजित भोज में शामिल होंगे। दिल्ली पुलिस ने शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए कडो सुरक्षा व्यवस्था की है।

————————

कांग्रेस की कार्य समिति की बैठक नई दिल्ली में आज सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी नेता राहुल गांधी से विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों को चुनाव जीतने पर बधाई दी। श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लोगों का अपार समर्थन मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ संसद के अन्दर और बाहर एकजुट होकर कार्य करेगी।

————————

समाजवादी पार्टी के संसदीय दल की बैठक आज लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित पार्टी के सभी 37 नवनिर्वाचित सांसद मौजूद रहे। बैठक में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पार्टी क संसदीय दल के नेता चुने गए। संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद श्री यादव ने कहा कि सपा के सांसद जनता के हित में बात रखने का कार्य करेंगे और जनता के बीच रहकर संघर्ष करेंगे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक की और सभी को जनता के बीच जाने, उनकी समस्याएं सुनने और उन्हें

सुलझाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री जनता के बीच जाएं। जनता के साथ संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता की नीति अपनाएं।

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार–प्रसार करें। जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन को और प्रभावी बनाने पर जोर दें। मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई– कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई–ऑफिस प्रणाली प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बनाने का लक्ष्य हर विभाग का है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी एक जुलाई से लागू होने जा रही नवीन आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में कल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि समाप्त किए गए तीनों कानूनों का उद्देश्य दंड देने का था न कि न्याय देने का, जबकि भारतीय लोकतंत्र न्याय की अवधारणा वाला है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि तीनों नए कानून के लागू होने से पहले इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर लो जाए। नए कानून में तकनीक का बड़ा महत्व है। इसके दृष्टिगत आवश्यक तकनीकी बदलाव तत्काल किए जाएं। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा होनी चाहिए।

———————————

**बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के तत्वाधान में कल नौ जून को राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा– दो हजार चौबीस आयोजित होगी। बुंदेलखंड विशवविद्यालय के कुलपति मुकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में कुल 51 जिलों के 470 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन होगा। बाइट..**

*उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 कल रविवार 9 जून को दो सेक्टर में होगी। पहला पेपर होगा प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक। दूसरा पेपर होगा दोपहर दो बजे से शाम को पांच बज5े तक। इस वर्ष इस परीक्षा में लगभग दो लाख तेइस हजार कैंडीडेट अपेयर हो रहे हैं। बुन्देलखंड विशवविद्यालय में पूरे उत्तर प्रदेश में इक्यावन जिलों में 470 सेन्टर्स बनाये गये हैं। बुन्देलखंड विशवविद्यालय पूरी सुचिता से शांतिपूर्ण तरीके से पूरी पारदर्शिता से इस इग्जाम को नकलविहीन करवाने में पूरे प्रयास कर रहा है।*

——————

प्रयागराज में गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में लगने वाला गंगा महोत्सव शुरू हो गया है। इस बार गंगा दशहरा 16 जून को मनाया जायेगा। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.

*इस बार गंगा दशहरा का त्योहार 16 जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रयागराज त्रिवेणी संगम तट पर 10 दिवसीय 24 वें गंगा महोत्सव का आयोजन प्रयागराज में 7 जून से प्रारंभ हो गया है। अविरल गंगा स्वच्छ गंगा और निर्मल गंगा के लिए हरिहर गंगा आरती समिति के तत्वावधान में त्रिवेणी संगम तट मां गंगा की आरती पूजन अर्चन के पश्चात गंगा महोत्सव पूरी भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। 10 दिवसीय इस महोत्सव में गंगा स्वच्छता अभियान, अलग–अलग घाटों पर चलाया जाएगा। इसके अलावा देश के नामचीन कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जाएंगी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

——————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट अंडर ग्रेजुएट 2024, देशभर में पूरी तरह से पारदर्शी और शुचितापूर्ण रही है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने आज नइ दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस परीक्षा का कोई पर्चा लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से संबंधित है, जिनका समय गलत प्रश्न पत्र मिलने के कारण नष्ट हो गया था। उन्हांने कहा कि एनटीए ने इन परीक्षार्थियों की शिकायतों का विश्लेषण करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।

————————